
वर्ष-01, अंक- 332
छपरा
8 अक्टूबर मंगलवार 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# भारत की सुरक्षा को नुकसान नहीं पहुंचने देंगे : राष्ट्रपति मुइज्जू



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश की 'मालदीव फर्स्ट' की नीति से भारत के संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मालदीव कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे भारत की सुरक्षा को नुकसान पहुंचे। मीडिया को दिए गए एक इंटरव्यू में मुइज्जू ने ये भी कहा कि दूसरे देशों के साथ मालदीव के संबंधों का भारत के साथ रिश्ते पर असर नहीं पड़ेगा।

मुइज्जू ने कहा कि मालदीव, भारत के साथ रणनीतिक संबंध बनाना जारी रखेगा क्योंकि भारत एक अहम साझेदार और दोस्त है। उन्होंने कहा कि मालदीव क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा। मुइज्जू ने हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और मुइज्जू ने मालदीव में हनीमाधू इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया। इस दौरान मुइज्जू ने पीएम मोदी को मालदीव आने का निमंत्रण भी दिया।

# मेडिसिन का नोबेल दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को

### माइक्रो RNA की खोज के लिए मिला सम्मान, ये कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियों की पहचान में मददगार




**स्टॉकहोम,एजेन्सी।** नोबेल प्राइज 2024 के लिए विजेताओं की घोषणा आज यानी सोमवार, 7 अक्टूबर से शुरू हो गई है। आज मेडिसिन या फिजियोलॉजी के क्षेत्र में नोबेल प्राइज की घोषणा की गई है। 2024 के मेडिसिन का नोबेल प्राइज विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को मिला है। उन्हें ये प्राइज माइक्रो RNA (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए दिया गया है। माइक्रो RNA से पता चलता है कि शरीर में कोशिकाएं कैसे बनती और काम करती हैं। दोनों जीन वैज्ञानिकों ने 1993 में माइक्रो RNA की खोज की थी। इंसान का जीन DNA और RNA से बना होता है। माइक्रो RNA मूल RNA का हिस्सा होता है।

**नक्सलवाद पर शाह ने 8 मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की:**

# कहा- इस साल छत्तीसगढ़ में 194 नक्सली मारे गए, युवाओं से हथियार छोड़ने की अपील




**नई दिल्ली,एजेन्सी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली में नक्सलवाद के खात्मे को लेकर बैठक की। विज्ञान भवन में हुई बैठक में इसमें नक्सल प्रभावित 8 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। शाह ने नक्सलवाद खत्म करने की कोशिशों को लेकर छत्तीसगढ़ की तारीफ की। उन्होंने बताया कि जनवरी से अब तक छत्तीसगढ़ में 194 नक्सली मारे गए हैं, 801 को गिरफ्तार किया गया है और 742 ने सरेंडर किया है।बैठक में शाह ने नक्सली युवाओं से अपील की कि वे हथियार छोड़कर मुख्य धारा में आएं। उन्होंने नॉर्थ-ईस्ट और जम्मू-कश्मीर के 13 हजार युवाओं का उदाहरण दिया, जिन्होंने नक्सलवाद छोड़ा है।

**शाह बोले- नक्सलवाद से जुड़ी हिंसा की घटनाएं कम हुईं :** अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद संबंधित हिंसा की घटनाएं 16,463 से घटकर 7,700 हो गई हैं। यह संख्या अगले साल और कम हो जाएगी। नागरिकों और सुरक्षाबलों की मौत में 70% की कमी आई है। हिंसा की रिपोर्ट करने वाले जिलों की संख्या 96 से घटकर 42 हो गई है। उन्होंने कहा कि हिंसा की रिपोर्ट करने वाले पुलिस थानों की संख्या 465 से घटकर 171 हो गई है, जिनमें से 50 पुलिस थाने नए हैं, यानी केवल 120 पुलिस थाने ही हिंसा की रिपोर्ट कर रहे हैं।

### राज्यों के साथ बड़ा प्लान तैयार कर रहा है गृह मंत्रालय

नक्सलियों के खिलाफ गृह मंत्रालय राज्यों के साथ बड़ा प्लान तैयार कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग रोकी गई, वैसे ही नक्सलियों को रोकने के लिए बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में साल 2010 के मुकाबले 2023 में नक्सल हिंसा में 72% और मृत्यु में 86% कमी आई है। इस साल देश में 202 नक्सली मारे गए हैं। इसके साथ ही वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या 38 रह गई है।

# झारखंड में पुलिस और जेजेएमपी नक्सलियों के बीच मुठभेड़

### लातेहार के बोखाखाड़ जंगल में चली 100 राउंड गोलियां, दो जवान घायल

**लातेहार,एजेन्सी।** झारखंड के लातेहार में सोमवार की सुबह पुलिस और जेजेएमपी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से 100 राउंड से अधिक गोलियां चली हैं। इस मुठभेड़ में झारखंड पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं। दोनों घायल जवानों को तत्काल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत के बोखाखाड़ जंगल की है। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा अपने दस्ते के साथ जंगल में घूम रहा है। इस सूचना पर पुलिस की ओर से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान नक्सलियों ने पुलिस को देखते फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब में पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई।

**झारखंड जगुआर के जवान घायल :** मुठभेड़ में झारखंड जगुआर के दो जवान को गोली लगी है। घायल जवानों में चाईबासा के रहने वाले राम सिंह सुरीन और पलामू के रहने वाले नरेंद्र पांडेय हैं। गोली लगने के बाद दोनों घायल जवानों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉ. सुनील भगत और डॉ भारद्वाज नारायण चौधरी ने प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया।

# मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो की शुरुआत

### फेज-1 के तहत बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स से आरे के बीच चली मेट्रो; पीएम ने किया था उद्घाटन



**मुंबई,एजेन्सी।** मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो की सोमवार को शुरुआत हुई। एक्वा लाइन के फेज-1 के तहत बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से आरे के बीच अंडरग्राउंड मेट्रो चली। सर्विस सुबह 11 बजे शुरू हुई। पहले दिन राइड का अनुभव लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

पीएम मोदी ने शनिवार को मेट्रो लाइन 3 के 12.69 किमी लंबे फेज-1को हरि झंडी दिखाई थी। इसके बाद उन्होंने BKC से सांताक्रूज मेट्रो स्टेशनों के बीच मेट्रो में सफर किया। इस दौरान उन्होंने स्टूडेंट्स, महाराष्ट्र सरकार की लाड़की बहन स्कीम का लाभ पाने वाली महिलाओं और मजदूरों से बातचीत की।

**आज से शुरू होगा रेगुलर ऑपरेशन, किराया अधिकतम 50 रुपए:** मुंबई-मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने नोटिफिकेशन जारी कर बताया है कि एक्वा लाइन पर मेट्रो का सामान्य ऑपरेशन मंगलवार से शुरू होगा। सर्विस सोमवार से शनिवार सुबह 6:30 बजे से रात 10:30 बजे के बीच ऑपरेट करेगी। रविवार को सर्विस सुबह 8:30 बजे से रात 10:30 बजे तक चलेगी। मेट्रो का किराया न्यूनतम 10 रुपए और अधिकतम 50 रुपए होगा।

**कॉरिडोर के 10 में से 9 स्टेशन अंडरग्राउंड :** यात्री टिकट बुक करने के लिए NCMC (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड), मुंबई मेट्रो 3 मोबाइल ऐप और टिकट वेंडिंग मशीनों सहित अन्य माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं।BKC से आरे रोड के बीच के इस कॉरिडोर में 10 मेट्रो स्टेशन हैं - बीकेसी, बांद्रा कॉलोनी, सांताक्रूज़ मेट्रो, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (CSMIA) टर्मिनल 1, सहार रोड, CSMIA टर्मिनल 2, मारोल नाका, अंधेरी, सीप्ज, आरे कॉलोनी जेवीएलआर। इन सभी स्टेशनों में से केवल आरे JVLR स्टेशन जमीन पर है, जबकि बाकी सभी अंडरग्राउंड हैं। एक्वा लाइन मुंबई की चौथी मेट्रो कॉरिडोर है। घाटकोपर-अंधेरी-वर्सोवा मेट्रो लाइन-1, अंधेरी वेस्ट-दहिसर लाइन-2ए और अंधेरी ईस्ट-दहिसर लाइन-7 पहले से ही शहर में चालू हैं।



# चेन्नई एयर शो में 5 की मौत

### मंत्री बोले- गर्मी से जान गई ; विपक्ष बोला- लोग 10 किमी पैदल चले, पानी नहीं था, सीएम की सेवा हो रही थी



**चेन्नई,एजेन्सी।** चेन्नई के मरीना बीच पर रविवार को वायुसेना के एयर शो के दौरान 5 लोगों की मौत हो गई। तमिलनाडु में इन मौतों को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। राज्य के हेल्थ मिनिस्टर सुब्रमण्यन ने कहा कि, 15 लाख लोगों की भीड़ थी, गर्मी ज्यादा थी इसलिए 5 लोगों की मौत हुई। एयर फोर्स ने जितनी फैसिलिटी मांगी, उससे ज्यादा मुहैया कराई गई थीं।

सुब्रमण्यन ने कहा- कार्यक्रम स्थल पर डॉक्टरों और नर्सों के साथ दो मेडिकल टीमें तैनात थीं। साथ ही 40 एम्बुलेंस भी खड़ी थीं। उन्होंने यह भी कहा कि मरीना बीच पर पैरामेडिकल टीमों और पीने के पानी की भी व्यवस्था की गई थी। अस्पताल में जाने से पहले ही सभी मौतें हुई हैं।

AIADMK नेता कोवई सत्यन ने कहा, अगर स्वास्थ्य मंत्री में थोड़ी भी शर्म है तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। लोगों को 10 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची। प्रशासन सीएम स्टालिन, उनके बेटे और परिवार की सेवा में लगा हुआ था। वे AC टेंट में बैठे हुए थे। सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने 5 लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

# राहुल ने दलित परिवार के साथ बनाया खाना



**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को एक वीडियो साझा किया। इसमें वह दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले अजय तुकाराम सनाडे और उनकी पत्नी अंजना तुकाराम सनाडे के साथ भोजन बनाते हुए दिखे। उन्हें दंपती के साथ पारंपरिक व्यंजन बनाते और 'दलित व्यंजनों' के बारे में अधिक सीखते हुए दिखाया गया है। गांधी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस उस संविधान की रक्षा करेगी, जो बहुजनों को उनका अधिकार देता है। साथ ही कहा कि मगर समाज में सभी का सच्चा समावेश और बराबरी तभी संभव होगी, जब हर भारतीय अपने दिलों में भाईचारे की भावना के साथ कोशिश करेगा।

**आज बहुत कम लोग जानते हैं...** कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। जैसा शाहू पटोले जी ने कहा कि दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता। वो क्या खाते हैं, कैसे पकाते हैं और इसका सामाजिक और राजनीतिक महत्व क्या है, इस जिज्ञासा के साथ, मैंने अजय तुकाराम सनाडे और अंजना तुकाराम सनाडे के साथ एक दोपहर बिताई।

# बिहार में बाढ़ पीड़ित भूखे रहने को मजबूर

### सांसद पप्पू यादव बोले- खानापूर्ति के लिए 7 हजार रुपए खाते में भेज रही सरकार



**पूर्णिया,एजेन्सी।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव सीमांचल और मिथिलांचल के बाढ़ प्रभावित इलाकों का लगातार दौरा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को दिए जा रहे राहत सामग्री और कम्युनिटी किचन को लेकर सरकार पर निशाना साधा है।

पप्पू यादव ने कहा कि इन दिनों बिहार के अधिकतर इलाकों में लोग बाढ़ से पीड़ित हैं। राहत के नाम पर सरकार महज खानापूर्ति कर रही है। जनता दाने-दाने के लिए तरस रही है। राहत शिविर के नाम पर शून्य है। जहां भी राहत शिविर लगाए गए हैं और कम्युनिटी किचन संचालित की जा रही है, वहां बाढ़ पीड़ित भूखे रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खानापूर्ति के लिए बाढ़ पीड़ितों के खाते में 7-7 हजार रुपए खाते में भेजे जा रही है।

**वोट लेने के बाद जनता के मालिक बन जाते हैं नेता :** उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सूखा राशन की कोई व्यवस्था नहीं है। जहां तक संभव है, हम और हमारे लोग बाढ़ पीड़ितों की मदद कर रहे हैं। अगर सरकार यह सब करती तो मुझे यह नहीं करना पड़ता। सरकार की कुर्सी पर बैठे नेता जनता से वोट तो ले लेते हैं, लेकिन जीतने के बाद वो जनता के मालिक बन जाते हैं।

**बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दे सरकार :** पप्पू यादव ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को पीने के पानी और भोजन तक की व्यवस्था नहीं है। राहत शिविर में जनरेटर और हैंडपंप तक नहीं है। सरकार की उदासीनता को देखते हुए, मैंने अपने खर्च से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पीने के पानी को लेकर हैंडपंप और जनरेटर की व्यवस्था की है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों के घर पानी में ध्वस्त हो गए और फसल भी पूरी तरह नष्ट हो गई है। लोगों के पास रहने के लिए अपना घर तक नहीं है। उन्होंने सरकार से सभी बाढ़ पीड़ितों को दो-दो लाख का मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

**सांसद ने बाढ़ पीड़ितों को बांटे नाव**

पप्पू यादव ने कहा कि श्रीनगर प्रखंड के सिंधिया पंचायत के पटना रेहका गांव में बाढ़ से बदतर हालात थे। जिसे देखते हुए उन्होंने ग्रामीणों को निजी कोष से नाव भेंट किया। इससे पहले धमदाह प्रखंड के मीरगंज डुबबा घाट, कोढा और अन्य कई बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी उन्होंने नाव भेंट किया है।

पूर्णिया सांसद ने कहा कि वे देश के अकेले ऐसे जनप्रतिनिधि हैं, जो लगातार जनता के बीच रह कर उनकी सेवा कर रहे हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# गुजरात सड़क हादसे में 3 की मौत, 54 लोग जख्मी

**अंबाजी (एजेन्सी)।** गुजरात के प्रसिद्ध तीर्थस्थल अंबाजी में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 54 से ज्यादा घायल हो गए। 5-6 लोगों की हालत गंभीर है। बस में करीब 60 यात्री सवार थे। हादसा अंबाजी के त्रिशूलिया घाट पर उस वक्त हुआ, जब बस अनियंत्रित होकर घाटी की रेलिंग से टकरा कर पलट गई।

# बिहार की नीतीश कुमार सरकार को गिराने के लिए हवाला डील

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की नीतीश कुमार सरकार को विश्वास मत हासिल करने से रोकने के लिए हॉर्स ट्रेडिंग की गई थी। सत्ताधारी दल के विधायकों को हवाला के जरिए एडवांस पैसे भेजे गए थे। अगर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार विश्वास मत हासिल करने में हार जाती तो विधायकों को मोटी रकम अदा की जाती। यह खुलासा आर्थिक अपराध इकाई की जांच में हुआ है। पटना के कोतवाली थाने में दर्ज एक प्राथमिकी में पैसों के लेन-देन से जुड़ी जांच के दौरान आर्थिक अपराध इकाई को हैरान करने वाले सबूत मिले हैं। ईओयू ने अपनी जांच रिपोर्ट प्रवर्तन निदेशालय को सौंप दी है। हॉर्स ट्रेडिंग से जुड़े इस केस की तफ्तीश अब प्रवर्तन निदेशालय करेगी।

### 28 जनवरी से 12 फरवरी के बीच डील

अब तक की जांच में यह खुलासा भी हुआ है कि सत्तारूढ़ दल के विधायकों को हवाला के जरिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश और झारखंड के साथ ही नेपाल से भी पैसे भेजे जा रहे थे। आर्थिक अपराध इकाई ने अवैध लेनदेन से जुड़े साक्ष्य भी ईडी को सौंप दिए हैं। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को जनादेश मिला था, लेकिन बीच में वह महागठबंधन के साथ चले गए थे। दिसंबर में जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की विदाई के बाद बिहार कर राजनीतिक माहौल अचानक बदला और 28 जनवरी को उलटफेर फिर हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन सरकार के सीएम पद से इस्तीफा दिया और कुछ घंटे बाद भारतीय जनता पार्टी का समर्थन पत्र लेकर वापस राजग सरकार बनाने का दावा पेश किया।

**अरविंद केजरीवाल ने कहा**

# चुनाव से पहले दिल्ली की सड़कें ठीक होंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की सड़कें जल्द ही ठीक होंगी। मैंने सड़कों की मरम्मत के लिए सीएम आतिशी को लेटर लिखा है। मुझे खुशी है कि हमारे विधायकों और नेताओं ने शहर की सभी सड़कों का निरीक्षण किया। केजरीवाल की इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी भी बगल में बैठी दिखीं। उन्होंने कहा- हमें केजरीवाल का लेटर मिला। इसके तुरंत बाद पीडब्ल्यू डी ने सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। अभी 89 में से 74 सड़कों के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। बाकी 15 सड़कों के लिए टेंडर जारी करने की प्रक्रिया जारी है।

# नवरात्र भर भक्तों से गुलजार रहता है मां अम्बिका का दरबार



## मन्नतों के पूर्ण होने पर मां अम्बिका के पिंडी रूप पर चुनरी चढ़ाते हैं भक्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नवरात्र के लेकर हर जगह चहल पहल बनी हुई है। हर जगह भक्ति गीतों से वतावरण भक्तिमय बना हुआ है। देवी पुराण के मुताबित 51 शक्तिपीठों में से 42 भारत में, एक पाकिस्तान और चार बांग्लादेश में है। श्रीलंका और तिब्बत में एक - एक तथा नेपाल में दो शक्तिपीठ है। जिसमे एक शक्ति पीठ के रूप मे सारण जिले के सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र के दिघवारा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के आमी गांव मे गंगा नदी के किनारे अवस्थित है माँ सती के अग्नि कुंड मे गिरे अंग जो माँ अंविका माई के नाम से माँ के भक्तगण पुकारते है। लोगो का कहना है कि पूरे भारत वर्ष में मात्र एक ही ऐसा मंदिर है जहां की मूर्ति नहीं है। इसे देवी सती के जन्म और मृत्यु स्थल के रूप में मान्यता मिली हुई है। कहते है कि मां अंबिका की महिमा अपरम्पार है। माता के इस दरबार में हर किसी की मुरादें पूरी होती है। नतीजतन भक्तों की असंख्य भीड़ मां के इस दरबार में उमड़ती है। मां के इस मंदिर में आने वाले हर भक्तों पर मां की असीम कृपा बरसती रहती है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस मंदिर में मौसम की अनुकूलता हो या प्रतिकूलता, भक्तों के आस्था व विश्वास में कोई कमी नहीं होती है।

पौराणिक धार्मिक ग्रंथो के मार्कंडेय पुराण में वर्णित है कि राजा दक्ष के कर्म स्थल व प्रजापति दक्ष के यज्ञ स्थल और राजा सूरत व समाधि वैश्य की तपस्या स्थली रही है। प्रजापति राजा दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में महादेव को आमंत्रित नहीं किया गया था, जिस कारण सती ने पिता द्वारा आयोजित यज्ञ में अपने पति महादेव को अपमानित किए जाने पर हवन कुंड में कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। जब तीनो लोको के स्वामी महादेव ने इसे देख भगवान शंकर ने यज्ञ स्थल के पास पहुँच कर सती के शव को कंधे पर लेकर तांडव नृत्य करने लगे। जिससे देखकर देवताओं मे भगवान विष्णु के पास जाकर कहाँ हे प्रभु त्रिदेव को शांत कीजिये नहीं तो प्रलय हो जायेगा तब शिव के क्रोध को शांत कराने के लिए भगवान विष्णु ने अपने चक्र से सती के शव के टुकड़े - टुकड़े कर दिए। इस प्रकार सती के शरीर का अंग जहां-जहां गिरा वह स्थान शक्तिपीठ कहलाया। वहा के पंडितो व बृद्ध लोगो ने बताया कि मिट्टी की पिंडी के रूप में विराजमान है मां अंबिका । जो प्रागैतिहासिक काल की समझी जाती है। उस समय तक मूर्तिकला का विकास नहीं हो सका था। इस शक्ति पीठ मंदिर के गर्भगृह में मां की पिंडी के सामने एक जलकुंड है। कहा जाता है कि इस जलकुंड का जल कभी सूखता नहीं है। श्रद्धालुओं के बीच धारणा यह भी है कि जलकुंड सीधे गंगा से जुड़ी है, इस कारण इस जल कुंड का पानी कभी नहीं सूखता है। कहते हैं कि इस जल कुंड में हाथ डालने के बाद अगर भक्तों को कुछ प्राप्त होता है तो यह समझा जाता है कि उसकी मनोवांछित मन्नतें पूरी होगी। बाद में मन्नतों के पूर्ण होने पर भक्त मां के दरबार में आकर चुनरी चढ़ाते हुए मां के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।इस मंदिर में शारदीय व वासंतिक नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगता है और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु मां अंबिका के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इन दोनों नवरात्रों में मां का दरबार दुर्गा पाठ व पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं से ताता लगा रहता है। मंदिर की आस्था दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है, ऐसी स्थिति में श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर इजाफा हो रहा है। शारदीय व वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि को मंदिर मे माँ के दर्शन करने के लिए घंटों पंक्तिबद्ध होने के बाद श्रद्धालु गर्भगृह के बाहर से मां के पिंडी रूप का दर्शन कर पाते हैं। नवरात्र की अष्टमी के दिन मंदिर में रात्रि में निशा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की खूब भीड़ जुटती है। इस पूजा को देखने दूर दराज से लोग मां अम्बिका के दरबार में पहुंचते हैं। ऐसे नवरात्र भर आमी मंदिर में दिन के अलावे रात में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। नवरात्रि की हर रात्रि यहां मां का श्रृंगार होता है और मां की पिंडी को आभूषणों को सजाया जाता है। आरती के बाद श्रद्धालु मां अम्बिका के सजे रूप को देखकर भावविभोर हो उठते हैं। मंदिर प्रागण मे विशाल शिव जी का प्रतिमा स्थापित है ठीक उनके सामने यज्ञ कुंड है जहां माँ पार्वती इसी कुंड मे कुदी थी। यहां नवरात्रि के दौरान दुर्गा सप्तशती का पाठ, अखंड ज्योति और कन्या पूजन का आयोजन किया जाता है। यह माना जाता है कि नवरात्रि के समय मां अंबिका की पूजा करने से जीवन की समस्त बाधाओं का अंत होता है और जीवन में सुख-समृद्धि का संचार होता है। मंदिर परिसर में इस दौरान भक्तों द्वारा विशेष भंडारों और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें राज्य व अन्य राज्य के कोने -कोने से श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेते हैं और माँ का दर्शन करते है।

## छात्र जदयू का एक प्रतिनिधिमंडल जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलसचिव से मिला



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सोमवार को छात्र जदयू का एक प्रतिनिधिमंडल प्रशांत बजरंगी के नेतृत्व में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलसचिव से मिला । जिसमे समस्यायों का निदान कर छात्रों की परेशानियों को शीघ्र दूर करने की मांग की गई। मुख्य रुप से स्नातक प्रथम खंड सत्र 22-25 का परीक्षा समाप्त हुए लगभग आठ माह हो गए। अभी तक रिजल्ट कानहीं हुआ है, उसका रिजल्ट का प्रकाशन की मांग शामिल हैं । अन्य मांगों में स्नात्तकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर एवं स्नात्तकोत्तर तृतीय सेमेस्टर परीक्षा का रिजल्ट, स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 23-27 का परीक्षा रिजल्ट का प्रकाशन समेत शोधार्थियों

की भी कई समस्यायों के निदान भी की मांग की गई। वही छात्र- हित मे नियमाअनुसार करवाई की मांग नहीं पूरी करने पर छात्र हित में बहुत आंदोलन और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ आर पार की लड़ाई की बात छात्र जदयू अध्यक्ष प्रशांत बजरंगी ने कही।इस अवसर पर प्रमुख रूप से विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रशांत बजरंगी, मुन्ना सिंह राजीव कुमार सिंह श्रीकांत सिंह संतोष मिश्रा वरुण सिंह विनय सिंह समेत दर्जनों छात्र उपस्थित रहे।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना जरुरी

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है । प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए। तभी पर्यावरण की रक्षा तथा प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। ये बातें बिहार विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के उप मुख्य सचेतक सह तरैया के बीजेपी विधायक जनक सिंह ने डोईला बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। जिस पकार मां दुर्गा हमारी रक्षा करती हैं, उसी प्रकार धरती माता तथा पेड़ पौधे भी हमारे जीवन की रक्षा तथा पोषण करते हैं। आज पर्यावरण दूषित होते जा रहा है। जिसके गुनहगार हम स्वयं हैं । हम पेड़ों को तो धड़ल्ले से काटते जा रहे हैं। लेकिन उसकी जगह नए पौधे नहीं लगा रहे हैं । जिससे हमारे पर्यावरण पर संकट उत्पन्न हो रहा है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद जनप्रतिनिधियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य लोगों को विधायक ने पेड़ पौधे लगाने का संकल्प भी दिलाया। ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी स्वस्थ व खुशहाल जिंदगी बिता सके । विधायक ने सैकड़ो लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर जिला पार्षद छविनाथ सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, बीडीसी सदस्य हरेराम राम, सूरजलाल श्रीवास्तव, मुकेश चौरसिया, सरपंच संजय ओझा, ऊधो तिवारी, ललन ओझा ,भोला ओझा, महेश पड़ित,पूर्व मुखिया अच्छेलाल राय, सुनील श्रीवास्तव समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन महेश पंडित द्वारा किया गया था।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर थाना परिसर में पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.जिसमें थाने के एसआई हीरा पासवान भी उपस्थित थे.बैठक को संबोधित करते हुए अशोक कुमार सिंह ने कहा कि दशहरा का पर्व शांति और खुशहाली का पर्व है.इसमें सब लोगों को हंसी खुशी के साथ पूजा करनी चाहिए.साथ ही विसर्जन के समय डीजे का बहिष्कार करना है तथा अश्लील गीत नहीं बजाना होगा.वैसा गीत जो किसी के भावना को आहत करता हो वैसा गाना भी नहीं बजाना है. उन्होंने कहा कि जो भी लोग इन बातों का उल्लंघन करेंगे उनपर कार्रवाई की जाएगी. मौके पर पूर्व जिला पार्षद सदस्या गीता सागर राम पूर्व मुखिया अच्छेलाल राय सरपंच संजय ओझा, राजेश सिंह कुशवाहा, हरेराम तिवारी, विजय सिंह, बीडीसी सदस्य मुकेश कुमार चौरसिया ,जदयू अध्यक्ष अनवर हुसैन ,राजद के युवा अध्यक्ष रामबाबू राय, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शारदानंद सोनी व्यवसाई अमरनाथ प्रसाद, श्याम प्रसाद,बद्रीनारायण सिंह ,उपेंद्र भगत ,गम्हरिया पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, ढोलन सिंह,महेश पंडित के साथ-साथ सैकडों ग्रामीण उपस्थित थे।

## धनौती में काली माता मंदिर निर्माण हेतु भूमि-पूजन संपन्न

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड के परसागढ़ पूर्वी पंचायत के धनौती गांव स्थित ब्रह्मस्थान के समीप गांव वासियों के सहयोग से वैदिक मंत्रोच्चारण व पूजा-अर्चना के बीच विधि-विधान से काली माता मंदिर निर्माण हेतु भूमि-पूजन का अनुष्ठान संपन्न हुआ।इस दौरान आचार्य मिथलेश दुबे के द्वारा कराए गए विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यजमान पप्पू यादव व उनकी पत्नी लखी देवी ने अनुष्ठान को पूरा किया।इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि दीपक गिरि, पूर्व मुखिया वीर बहादुर राय, अशोक राय, सरपंच राजेश गिरि, तफज्जुल अंसारी, पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि हरेराम यादव, सुनील यादव, राजेंद्र यादव, बादल यादव, श्याम बिहारी यादव, दारोगा राय, मुखदेव यादव, उमाशंकर यादव, झूलन यादव, अनूप यादव, जितेन्द्र यादव, अमर यादव, शीतल साह, लक्ष्णदेव यादव, सुभाष यादव, दिलीप यादव, रिजवान हुसैन, धूरल यादव, चन्द्रमा यादव, सुखदेव यादव, विश्वकर्मा यादव, संजय यादव, राजन यादव, कन्हैया यादव, शिव कुमार यादव आदि अन्य लोग मौजूद थे।

## सब जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल में बिहार को मिला कांस्य पदक व ट्रॉफी

### सारण से खिलाड़ी दिलशाद रजा बिहार टीम में शामिल



**दैनिक खोज खबर/पटना ।** बिहार ने 38 वी सब जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान की ट्रॉफी संग कांस्य पदक अपने नाम किया । सोमवार को तेलंगाना हैदराबाद के नादरगुल में आयोजित सब जूनियर बालक वर्ग के इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंची बिहार टीम को 34 - 27 गोल के अंतर से मैच अपने नाम कर दिल्ली ने फाइनल में प्रवेश करने से रोक दिया। लगातार बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सेमीफाइनल तक पहुंची बिहार टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। हालांकि तीसरे स्थान की ट्रॉफी एवम कांस्य पदक पाकर 20 सदस्यीय बिहार टीम खेल मैदान में खुशी से उछल पड़े। तेलंगाना में जय बिहार , जय हैंडबॉल का नारा लगा खेल मैदान में ट्रॉफी संग दौड़ लगाया।बिहार टीम के इस उपलब्धि पर बिहार हैंडबॉल के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , चेयरमैन विधान पार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय , अध्यक्ष पंकज कुमार , कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद , उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह , रेफरी चंदन कुमार , आलोक कुमार , प्रशिक्षक संजीव कुमार , विक्की कुमार सहित अन्य ने बधाई दी है।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना जरुरी - जनक

**इसुआपुर ।** पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है । प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए। तभी पर्यावरण की रक्षा तथा प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। ये बातें बिहार विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के उप मुख्य सचेतक सह तरैया के बीजेपी विधायक जनक सिंह ने डोईला बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। जिस पकार मां दुर्गा हमारी रक्षा करती हैं, उसी प्रकार धरती माता तथा पेड़ पौधे भी हमारे जीवन की रक्षा तथा पोषण करते हैं। आज पर्यावरण दूषित होते जा रहा है। जिसके गुनहगार हम स्वयं हैं । हम पेड़ों को तो धड़ल्ले से काटते जा रहे हैं। लेकिन उसकी जगह नए पौधे नहीं लगा रहे हैं । जिससे हमारे पर्यावरण पर संकट उत्पन्न हो रहा है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद जनप्रतिनिधियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य लोगों को विधायक ने पेड़ पौधे लगाने का संकल्प भी दिलाया। ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी स्वस्थ व खुशहाल जिंदगी बिता सके । विधायक ने सैकड़ो लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर जिला पार्षद छविनाथ सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, बीडीसी सदस्य हरेराम राम, सूरजलाल श्रीवास्तव, मुकेश चौरसिया, सरपंच संजय ओझा, ऊधो तिवारी, ललन ओझा ,भोला ओझा, महेश पड़ित,पूर्व मुखिया अच्छेलाल राय, सुनील श्रीवास्तव समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन महेश पंडित द्वारा किया गया था।

## परसा के दो दिव्यांग जनों को मिला मोटर चलित ट्राई साइकिल



**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** सांसद राजीव प्रताप रूडी के सौजन्य से परसा क्षेत्र के दो दिव्यांग जनों को मोटर चालित ट्राई साइकिल मिला। बताया गया कि उक्त ट्राई साइकिल को पूर्व में अन्य दिव्यांग जनों को सांसद रूड़ी के द्वारा दिया गया था। लेकिन उसका उपयोग नहीं हो रहा था, जिसके बाद जानकारी मिलने पर रूडी जी ने उनलोगो से बात कर आग्रह किया की अगर आप इसका उपयोग नहीं कर रहे है तो किसी दूसरे दिव्यांग जरुरतमंद को देकर उसका मदद कीजिये, जिससे उसके जीवन यापन मे मदद मिले। जिसके बाद उसके यहाँ से माँगा कर दो लोगो को रूडी के निर्देश पर अनिल कुमार पिता योगेंद्र सिंह ग्राम शोभे परसा निवासी और दिलीप कुमार पिता मदन चौधरी परसौना निवासी को दिया गया। यह लोग काफी दिन से रूडी जी से आवास पर मिलकर मोटर ट्राई साइकिल की मांग किये थे। इनलोगो को ट्राई साइकिल दिलाने के लिए मंडल अध्यक्ष भूलन जी , सुगा सिंह, इंद्रमोहन सिंह, विकास सिंह आदि लोगों ने श्री रूडी से आग्रह किया था। ट्राई साइकिल प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, भाजपा नेता चंदन सिंह, गया सिंह समेत अन्य के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुमंत तिवारी, मोनू सिंह, रामजी चौधरी, राहुल कुमार आकाश सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## बिहार विश्वविद्यालय के नवनिर्वाचित अभिषद् सदस्य डॉ.जयकंात सिंह जय को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर की सांस्कृतिक संस्था 'पचमेल' के बैनरतले प्रभुनाथ नगर स्थिति शारदा प्ले स्कूल परिसर में सम्मान समारोह सह कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें बिहार अंबेडकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के नवनिर्वाचित अभिषद् सदस्य व भोजपुरी विभागाध्यक्ष डा. जयकंात सिंह जय को सम्मानित किया गया। वहीं स्तरीय व सरस कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ।

शहर के वयोवृद्ध साहित्यकार शंभू कमलाकर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में सारण, सीवान, गोपालगंज और मुजफ्फरपुर के कवियों ने अपने कविता पाठ से दर्शकों को झूमा डाला। डा. जय ने कहा कि अभिषद सदस्य निर्वाचित होने के पश्चात अपने घर में मिला सम्मान बहुत बड़ा सम्मान है। यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि भोजपुरी भाषा और सारण की जनता का सम्मान है। मैं आह्लादित हूं और आभारी भी। इसके पूर्व पचमेल संस्था के संस्थापक प्रो. पृथ्वीरार सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम भोजपुरी भाषियों के लिए यह गर्व की बात है कि उनका एक लाल बिहार विश्वविद्यालय के अभिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुआ है। डा.जय विधिवत रूप से सृजित पद पर पहले प्राध्यापक नियुक्त हुए और अब प्रोफेसर के पद पर पदासीन हैं। वे विद्यार्थी जीवन से अब तक अनवरत भोजपुरी भाषा के विकास में योगदान दे रहे हैं।

अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा.ब्रजभूषण मिश्र ने कहा कि हम लोगों को यूजीसी में पत्र व्यवहार कर भोजपुरी भाषा के लिए नेट, जेआरएफ आदि की व्यवस्थाएं लागू कराने का प्रयास करना चाहिए। साहित्यकार शिवानुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति और कुलसचिव भोजपुरी भाषी हैं। आशा है डा.जय उनसे सहयोग प्राप्त कर विश्वविद्यालय के अन्य कालेजों में भी भोजपुरी की पढ़ाई प्रारंभ कराने का पहल करेंगे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में शंभू कमलाकर मिश्र ने कहा कि उनकी एक बार राजेन्द्र बाबू से हुई तो उन्होंने सीधा भोजपुरी में संवाद किया। तब से लेकर वे अभी तक भोजपुरी भाषा के प्रयोग को लेकर कभी हीन भावना से ग्रसित नहीं रहे और भोजपुरी को लेकर गौरव का अनुभव करते हैं। संचालन भंवर निगम और धन्यवाद ज्ञापन डा.अमरेन्द्र सिंह बुलेट ने किया। उधर कवि सम्मेलन का संचालन वरीय साहित्यकार दक्ष निरंजन शंभू ने किया और बीच-बीच में अपनी छोटी-छोटी तल्ख कविताओं को प्रस्तुत करते रहे। कवि सम्मेलन का प्रारंभ सारण के चर्चित कवि सत्येन्द्र दूरदर्शी के सरस्वती वंदना से और चुटीले व्यंग भरे सामाजिक व राजनीतिक भोजपुरी गीतों से हुआ। मुजफ्फरपुर से आये डा.ब्रजभूषण मिश्र, कवि और फिल्म गीतकार कुमार विरल, डा. जयकंात सिंह सहित दर्जनों साहित्यकारों और कवियों ने अपने सुमधुर गीतों और काव्यों से संध्या को यादगार बना दिया। धीरे-धीरे इस कवि सम्मेलन का स्वरूप त्रिभाषी हो गया और भोजपुरी, हिन्दी और उर्दू के गीत, गजल और कविताएं हुई। राकेश कुमार विद्यार्थी की गीत ''का गउंवा के बात कहीं हम केतना सुंदर लागत बा'' पर श्रोता वाह-वाह कर उठे। काव्यपाठ करने वाले अन्य कवि, शायर और साहित्यकारों में निर्भय नीर, डा. अमरेन्द्र सिंह, डा. ओमप्रकाश राजापूरी, डा. पृथ्वीराज सिंह, उदय नारायण सिंह, शिवानुग्रह सिंह, कुमार चंदन, कुमार मोहित, कुमार मृणय, सकील अनवर, मोअज्जय, जुनैद मीर, सुरेश चौबे प्रकाश सिंह आदि शामिल थे।



# आज माता कात्यायनी की पूजा करेंगे भक्तगण

## माँ दुर्गा के प्रतिमा व पूजा पंडाल के सजावट के अंतिम रूप देने मे जुटे कारीगर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन सोमवार को मां स्कंद माता की पूजा श्रद्धालुओं ने की। सुबह से ही मंदिरों,प्रतिमा स्थलों, में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी । माता के जयकारों व ढ़ोल नगारे से पूरा मंदिर व प्रतिमा स्थल परिसर गूंज उठा। लोगों ने पूरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा के पांचवे स्वरुप मां स्कंद माता की भक्तो ने सोमवार के अराधना की। भक्तगण सुबह और शाम मां दुर्गा के पाठ कर आराधना करने में लीन रहे। मां की पूजा में कोई कमी ना हो इसके लेकर घर के सदस्य भी पूरी स्वच्छता के साथ मां की पूजा करने और कराने में सहयोग कर रहे हैं।वही आज मंगलवार को माँ के छढ़े रूप मे मां कात्यायनी की पुजा श्रधांलुगण करेंगे। हरिहरनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक सुशील चंद्र शास्त्री ने बताया कि मां कात्यायनी की पूजा से रोग, शोक, संताप, भय का नाश होता है। माता कात्यायनी का भी वाहन सिंह है। इस पर आरूढ़ होकर उन्होंने महिषासुर का वध किया। इनकी दो भुजाएं अभय मुद्रा और वर मुद्रा में हैं। अन्य दो भुजाओं में खड्ग और कमल है। स्कंद पुराण के अनुसार मां कात्यायनी परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थीं।शास्त्री ने कहा कि सप्तमी के दिन मां कालरात्रि के स्वरूप की पूजा की जाती हैं। मां दुर्गा का नेत्र सप्तमी तिथि को मूल नक्षत्र में खोलना शुभ फल देने वाला होता हैं। मां कालरात्रि का दूसरा नाम 'शुभकारी' भी हैं। शारदीय नवरात्र के लेकर



सोनपुर के महेशवरी चौक, सोनपुर रेलवे स्टेशन स्थित, गोला बजार से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के भरपुरा, गंगाजल, खरीका,भरपुरा समाधि स्थल, महरानी चौक भरपुरा,कसमर, नयागांव, शिकारपुर, कल्याणपुर, सबलपुर, डुमरी बुजुर्ग स्थित माँ कालरात्रि मंदिर सहित विभिन्न चौक चौराहा पर बन रहे पूजा- पंडाल का सजावट अंतिम चरण में है। प्रतिमा पंडाल को फूलों व थर्माकोल से सजाने में कारीगर दिन रात लगे हुए हैं। कई तरह के आकर्षक डिजाइन से पूजा पंडाल को भव्य व सुंदर डिजाइन पूजा पंडाल के मुख्य रास्तों पर भव्य तोरण द्वार भी बनाया जा रहा है इसके अलावा लाइट विभिन्न तरह के चाइनीस वोल्वो का भी प्रयोग कर आकर्षक लुक देने में कारीगर जुटे हुए हैं। पूजा पंडाल के साथ माँ दुर्गा,मां लक्ष्मी,मां सरस्वती भगवान गणेश व कार्तिकेय एवं महिषासुर को मां दुर्गा के द्वारा वध किए जाने को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार के साथ उनके सह कारीगर लगे हुए हैं। सप्तमी तिथि को शुभ मुहूर्त मे मां दुर्गा के पट खुलते ही भक्तों को दर्शन के लिए अर्पित करने के लिए नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के पुजा पंडालो मे कारीगर दिन-रात लगे हुए हैं।



# दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता : डीएसपी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** दुर्गा पूजा को लेकर मशरक डीएसपी अमरनाथ ने डीएसपी कार्यालय परिसर में तरैया,मशरक, इसुआपुर और पानापुर के थानाध्यक्षों के साथ क्राइम मीटिंग की। वहीं मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह मौजूद रहें। इस दौरान डीएसपी अमरनाथ ने दुर्गा पूजा को लेकर सभी थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को मेंटेन रखने में किसी भी सूरत में ढिलाई नहीं बरतनी है। सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम करने हैं। अपने अपने थाना में कड़ी निगरानी रखते हुए माहौल बिगाड़ने वालों को चिन्हित करें। शराब तस्करों पर नजर रखें। गोपालगंज और सिवान जिला के सीमावर्ती थानों के थानाध्यक्ष विशेष रूप से सतर्कता बरतेंगे। चेक पोस्टों पर चेकिंग अभियान चलाएं। विधि व्यवस्था के मद्देनजर संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष विशेष रूप से सतर्क रहेंगे। बैठक में अपराध नियंत्रण के लिए डीएसपी ने सभी थानाध्यक्षों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को अपराध में कमी लाने का कड़ें निर्देश दिए। थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्ती तेज करने और कांडों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों के गुंडा पंजी में शामिल अपराधियों की कुंडली भी तैयार कर लें। हर हाल में अपराध नियंत्रण होना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्ष अपने अपने थाना क्षेत्र के पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा के सारे तैयारी की आयोजन समिति के साथ समीक्षा कर लें। पूजा पंडालों में आयोजन समिति के तरफ से तैनात वॉलटियर को पहचान पत्र देकर ही लगाने का निर्देश दें। क्राइम मीटिंग के अंत में कांडों की समीक्षा की गई। जिसमें समय से कांडों के निष्पादन, वारंटियों की गिरफ्तारी आदि का निर्देश दिया गया।



# हत्या कांड मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों के घर मांझी पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** सोमवार को मांझी थाना पुलिस ने हत्याकांड में फरार चल रहे आठ अभियुक्तों के घर पहुंच कर घर पर इश्तेहार चस्पा किया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मुबारकपुर में पिछले वर्ष आपसी रंजिश में तीन युवकों को मुर्गा फार्म में बन्द कर बेरहमी के साथ मारपीट की गई थी। जिसमे से दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में कांड संख्या 38/23 दर्ज कर करीब एक दर्जन लोगों के विरुद्ध मांझी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। हत्याकांड में कई अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। तथा फरार चल रहे आठ नामजद अभियुक्तों के घर पर इस्तिहार चस्पा किया गया है। समूह में पहुँची माँझी थाना पुलिस द्वारा अभियुक्तों के मुहल्ले में डुगडुगी बजाकर उनके दरवाजे पर इस्तेहार चस्पा किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्तों द्वारा आत्मसमर्पण नही किये जाने पर उनके घर पर 21 अक्टूबर को कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ प्रभावित सूची में गड़बड़ी, सुधार को लेकर डीएम से गुहार

## सोनपुर अंचल कर्मियों के कार्यप्रणाली से जनता परेशान

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड सह अंचल क्षेत्र के 23 पंचायत मे से करीब 15 पंचायत के लोग गंगा व गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण उन्हें काफी परेशानी ही नहीं वल्कि खेतो मे लगे फसल जलमग्न होने के कारण वर्वाद हो गये सबसे ज्यदा 8 पंचायत के लोग थे वही अन्य पंचायत के कहि 2 तो कहि3, 4 वार्ड के लोग बाढ़ से परेशान व खेती के फसल बर्बाद हो गये है। ऐसे मे बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सूची तैयार करने में कोई भेदभाव न हो। पूरी पारदर्शिता के साथ पीड़ित परिवारों को चयन हो। ताकि उन्हें आपदा विभाग से मिलने वाली जीआर राशि व सुविधाए सभी बाढ़ पीड़ितों को मिले। लेकिन सबलपुर पूर्वी पंचायत के मुखिया कविता देवी ने अपने पंचायत के वर्ष 2021 की सूची में गड़बड़ियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सारण डीएम,सोनपुर एसडीओ, सीओ तथा बीडीओ को वर्ष 2016 के सूची के आधार पर ही इसमें सुधार कर सही पात्रता लोगों को लाभ देने हेतु गुहार लगा चुके है लेकिन अब तक कोई पहल नहीं किया गया है। मुखिया प्रतिनिधि दया शंकर राय ने सोमवार को कहा कि उनके पंचायत में जो बाढ़ राहत हेतु 2021 में सूची बनी थी उसमें भारी गड़बड़ी थी। इस ओर लगातार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है लेकिन उस पर अब तक कोई कार्रवाई होती नहीं दिख रही। उनके पंचायत के अधिकांश लोगों का नाम इस सूची में नहीं है।

गलती का नमूना में सबलपुर पूर्वी मे जो सूची बनी है उस सूची मे अधिकतर का पूरा परिवार जैसे पति पत्नी, बेटा, बहु सबका नाम है और किसी परिवार का है ही नहीं,कुछ ऐसे लोग का नाम है जो पंचायत मे है ही नहीं। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत में जिसका घर नहीं है उसका भी सूची में नाम है। इस पंचायत में कुम्हार पंडित या ब्राहमण पंडित,मुस्लिम नहीं है उसका भी नाम है। जिनका बहुत पहले शादी हो गयी है वैसे बेटी का सूचि में नाम है। सबसे बड़ी बात है कि मृत व्यक्ति के नाम से 2021 में लाभ लिया गया था।इस तरह के बड़ा आरोप लगते हुए मुखिया प्रतिनिधि ने अंचल के कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है। यह कहाँ तक सच्चाई है यह तो जांच पड़ताल होने के बाद ही सत्यता सामने आएगी। मुखिया ने अपने लेटर पैड पर 5.1024 को लिखकर वरिय अधिकारियो को अवगत कराया है।

बाढ़ राहत सूची बनाने वाले कर्मियों के कार्य प्रणाली के पोल खोलते हुए कहाँ कि कर्मी सिर्फ खानापूर्ति कर बाढ़ से पीड़ित परिवार के सदस्यों के साथ गलत कर रहे है। जो जांच के विषय है। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि अगर सही से जांच की जाए तो यह मेरा ही पंचायत नहीं वल्कि अन्य पंचायत में इस तरह के समस्या हो सकती है। उन्होंने वरिय पदाधिकारी से आग्रह किया कि बाढ़ राहत राशि सूची मे हुई अनिमिकता को सुधार कर सही सूची बनाने की माँग की है।इस सबंध मे सोनपुर सीओ से पूछे जाने पर उन्होंने बतायी कि मुखिया या उनके प्रतिनिधि हमसे मिले। जांच पड़ताल कर समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

# पुलिस ने हत्यारोपितो के घर पर डुगडुगी बजाकर चिपकाया इश्तेहार

**दैनिक खोज खबर/ पानापुर (सारण)।** करीब तीन माह पहले थाना क्षेत्र के धेनुकी गांव में आम के बंटवारे को लेकर अपने सगे भाई की पीट पीटकर हत्या करने करने के मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों के घर सोमवार को पुलिस ने डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि फरार चल रहे अभियुक्त न्यायालय द्वारा तय समय सीमा के अंदर आत्मसमर्पण नही करते है तो उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी ,मालूम हो कि 29 जून की रात धेनुकी मनिया टोला में आम के बटवारें को लेकर तीन भाइयों ने मिलकर अपने सहोदर भाई श्याम किशोर राउत को पीटकर हत्या कर दी थी इस मामले में मृतक की पत्नी अनिता देवी ने रामाज्ञा राउत,बृजकिशोर राउत,राजकिशोर राउत,सूरज राउत,शांति देवी,रंजू देवी,किरण देवी एवं संजीत राउत पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी इस मामले में तीन आरोपितों ने न्यायालय में समर्पण कर दिया था जबकि शेष पांच अभी भी फरार चल रहे हैं।



# प्रखंड कार्यालय में दर्जनों लाभूकों में बंटा आवास स्वीकृति पत्र

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्रामीण आवास योजना से चयनित परिवारों को स्वीकृति पत्र दिया गया। प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में बीडीओ सुधीर कुमार ने आवास सहायक त्रिभुवन यादव व अन्य आवास कर्मियों की मौजूदगी में स्वीकृति पत्र प्रदान किया। स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले लाभूकों में अंवारी पंचायत से हिमायत बेगम, बबीता देवी, मधु देवी, चंदा देवी, रीना देवी, सरिता देवी, अनीता देवी, रेखा देवी, शिल्हौड़ी पंचायत से उमरावती देवी, कबूतरी देवी, अग्नि देव राय, उषा देवी, हिरी राय, जितेंद्र कुमार, गणेश प्रसाद, सावित्री देवी, प्रभावती देवी का नाम बताया गया है। वही तेजपुरवा पंचायत से चांदमुनि देवी, सुनैना देवी, शिवकुमारी देवी, कलावती देवी, नागेश्वरी देवी, और बरदहियां पंचायत से नंदकिशोर साह, हरिशंकर शर्मा, रविंद्र ठाकुर, वीरेंद्र राय का नाम बताया गया है। बीडीओ सुधीर कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए चयनित लाभूकों को आवास निर्माण के स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया है । आवास निर्माण का कार्य शुरुआत करने के साथ आवास निर्माण हेतु प्रथम किस्त की राशि उनके खाते में भेज दी जाएगी ।



# पहलेजा पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** दुर्गापूजा के दौरान विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष स्वेता कुमारी के नेतृत्व में पुलिस ने जेपी सेतु चेक पोस्ट व बजरंग चौक पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहन अधिनियम के दुरूपयोग करने वाले वैसे वाहन चालक जो बिना हेलमेट ,बिना गाडी के इन्सुरेंस,बिना ड्राइविंग लाइसेंस ,ट्रिपल लोडेड सवारी ,प्रदूषण, नवालिक बच्चों द्वारा वाहन का परिचलन सहित अन्य की जांच की गयी जिसमे कुल 50 हजार रुपये का जुर्माना वैसे दर्जनों वाहन चालको पर लगाया गया। उक्त बात के जनकारी देते हुए पहलेजा अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने यह भी बताया कि पुलिस ने बाइक की डिक्की खोलकर भी जांच किया। उन्होंने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान एक शराब के नशे मे एक युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।अपर थानाध्यक्ष ने कहाँ कि लहरिया कट वाहन चलाने वाला या ट्रिपल लोडिंग कर वाहन चालक को पकड़े जाने पर उन्हें खैर नहीं है।लहड़िया कट वाहन चलाने से दुर्घटना ज्यदा होती है इसके आलावा दूसरे को भी दुर्घटना होने के संभावना ज्यदा रहती है। थानाध्यक्ष स्वेता कुमारी ने बतायी कि दुर्गापूजा के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर भी वाहन चेकिंग अनवरत अभियान चलाया जाएगा। वाहन चेकिंग के खबर सुनते ही अन्य वाहन चालक मे हड़कम मच गया और वैसे वाहन चालक जिनके कुछ कमी कागजात था या बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे वैसे लोग रूट बदल कर अपने गंतव्य स्थान के लिए लोगो से पूछते हुए आगे बढ़ रहे थे।

**वाहन अधिनियम के दुरूपयोग करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस ने लगाया जुर्माना**

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों/कार्यालयों से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर प्राथमिकता का निर्धारण किया गया। निर्धारित प्राथमिकता के अनुरूप कार्य प्रगति की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जायेगी। न्यायालय से संबंधित मामले, भूमि विवाद के मामले, आपदा से संबंधित मामले, आरटीपीएस के एक्सपायर मामले, आधार केन्द्रों के संचालन, क्षेत्र भ्रमण के दौरान कार्यालयों/योजनाओं की जाँच आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।आपदा प्रबंधन के संदर्भ में गंगा नदी के तटवर्ती प्रखंडों में विगत माह में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति के आलोक में सभी बाढ़ प्रभावित पीड़ितों को नियमानुसार सहाय्य अनुदान की राशि का भुगतान किया जा रहा है। ऐसे सभी पीड़ितों की सूची को आपदा संपूर्ती पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निदेश सभी संबंधित अंचलाधिकारियों को दिया गया। गंडक नदी बेसिन के निकटवर्ती प्रखण्डों में फसल क्षति से संबंधित रिपोर्ट अविलंब भेजने का निदेश कृषि विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया। नीलाम पत्र से संबंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने के लिए प्रत्येक सप्ताह दो दिन मामलों की सुनवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को दिया गया। वर्तमान में जिला में 37 नीलाम पत्र पदाधिकारी अधिकृत हैं। 28 अन्य पदाधिकारियों को नीलाम पत्र पदाधिकारी के रूप में शक्ति प्रत्यायोजित की जा रही है। सभी अंचलों में म्युटेशन एवं परिमार्जन के आवेदनों का निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करने को कहा गया।प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर पेयजल एवं शौचालय की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिये सरकारी जमीन चिन्हित कर अनपात्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं राजस्व कर्मचारी साथ बैठकर जमीन चिन्हित कर सीओ को जानकारी देंगे तथा सीओ इस संबंध में नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करेंगे।

सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में हर घर नल का जल, ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट, अस्पतालों में निःशुल्क दवा वितरण/उपलब्ध जनसुविधा आदि की जाँच करने का निर्देश दिया गया। वरीय अधिकारियों को प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों की जाँच सुनिश्चित करने को कहा गया।गृह विभाग से संबंधित मढ़ौरा उपकारा, थाना भवन, ट्रैफिक थाना, साइबर थाना आदि के निर्माण हेतु भूमि चयन की प्रक्रिया को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, भवन/विद्युत विभाग के अभियंताओं, अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों को सभी पूजा पंडालों का भ्रमण कर सेफ्टी ऑडिट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपविकास आयुक्त, नगर आयुक्त, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

# जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत के गोपाल वाड़ी गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में 3 शख्स घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। घायल गोपाल वाड़ी गांव निवासी स्व टोकारी राय का 52 वर्षीय पुत्र हरेश्वर राय, हरेश्वर राय का 26 वर्षीय पुत्र जय राम कुमार और राजेश राय की 26 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी हैं। घटना में थाना पुलिस को आवेदन दिया गया। वहीं घायलों ने बताया कि पूर्व के जमीनी विवाद को मारपीट हुई सभी घायल हो गए।

# बाइक सवार की नीलगाय से टक्कर में मौत, परिजनों में छाया मातम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सनकौली गांव में सोमवार की सुबह बाइक सवार की नीलगाय की टक्कर में मौत हो गई। मृतक की पहचान मशरक के बली विशुनपुरा गांव निवासी स्व जवाहीर मांझी का 46 वर्षीय पुत्र बच्चा लाल मांझी के रूप में हुई। मौत की खबर परिजनों को मिलते ही मातम छा गया। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने रिश्तेदारी में धोबवल गये थें सुबह में वापस आने के दौरान नीलगाय के सड़क पार करने के दौरान बाइक की टक्कर हो गई जिसमें वह सड़क पर अचेतावस्था में गिर पड़े जिन्हें 112 की पुलिस टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में लाया जहां चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रकिया शुरू कर दी है। मौके पर पहुंचे जजौली पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद यादव ने परिजनों को सांत्वना दी। मृतक को दो पुत्र और दो पुत्री हैं।

श्री मद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ

# भक्तों के विश्वास की रक्षा स्वयं परमात्मा करतें हैंः श्री बलरामाचार्य जी महाराज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सोनौली शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्री मद भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में रविवार की रात प्रवचन में श्रोताओं ने वृंदावन से पधारे कथा वाचक श्री बलरामाचार्य जी महाराज की कथा का आनंद लिया। प्रवचन के शुभारंभ में बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह और पूर्व जिला पार्षद पुष्पा सिंह ने मंच पर गद्दी पर बैठे कथा वाचक का स्वागत किया। प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी जिसमें महिलाओं की उपस्थिति विशेष रहीं। प्रवचन में कथा के दौरान उन्होंने कहा कि श्री मद् भागवत कथा से समाज में फैली हुई कुरीतियां दूर रहती है। युवा पीढ़ी को श्री मद् भागवत कथा सुननी चाहिए तभी मजबूत समाज की स्थापना होगी। मौके पर आयोजन समिति ने पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष परमार समेत अन्य मौजूद रहें।




# दहेज हत्या के मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के मुबारकपुर में दहेज की मांग को लेकर एक महिला की हत्या उसके ससुराल वालो द्वारा कर दी गई थी। घटना के संबंध में मृतिका के पिता के लिखित आवेदन पर मढ़ौरा थाना में कांड सं0-506/24, धारा-80(2) / 238 (ए) / 3 (5) बीएनएस एवं 3/4 दहेज अधिनियम दर्ज किया गया था। मामले में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी थी। इसी दौरान अनुसंधान के क्रम में एक सूचना के आधार पर पुलिस ने एक नामजद प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष राहूल कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी में मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त में मुबारकपुर निवासी शंभू तिवारी का पुत्र दिलीप ठाकुर का नाम बताया गया है । गिरफ्तारी टीम में एसआई नविता रानी, थाना के अन्य कर्मी शामिल थे ।

## आज होगी छठे स्वरूप देवी कात्यायनी की पूजा

**परवेज** अख्तर/सिवान।शारदीय नवरात्रि का छठा दिन मंगलवार को है। नवरात्रि के छठवें दिन मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां कात्यायनी का स्वरूप अंत्यत भव्य और चमकीला है। मां की चार भुजाएं हैं और मां का वाहन सिंह है। आचार्य पंडित उमाशंकर पांडेय ने बताया कि मां कात्यायनी की पूजा- अर्चना करने से विवाह में आ रही परेशानियां दूर हो जाती हैं। साथ ही कुंडली में बृहस्पति मजबूत होता है। मां को शहद का भोग लगाने से सुंदर रूप की प्राप्ति होती है तथा विधि- विधान से पूजा- अर्चना करने से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। शत्रुओं का भय समाप्त हो जाता है। इनकी कृपा से स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से भी छुटकारा मिल जाता है।

# आदिशक्ति मां दुर्गा के पांचवें स्वरुप स्कंदमाता की हुई पूजा

**परवेज अख्तर/सिवान।** नवरात्र की पंचमी तिथि पर सोमवार को माता के पांचवें रूप सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान माता का विशेष शृंगार किया गया। शहर के कचहरी स्थित काली मंदिर, महादेवा स्थित दुर्गा मंदिर, शेखर सिनेमा स्थित संतोषी माता मंदिर, सुदर्शन चौक स्थित दुर्गा मंदिर, गांधी मैदान स्थित बुढ़िया माई मंदिर, डीएवी मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई थी। पंचमी अनुष्ठान की शुरुआत ब्रह्म मुहूर्त में हुई। मंदिर परिसर में प्रतिष्ठित सभी विग्रह के भव्य शृंगार दर्शन का अवसर श्रद्धालुओं को मिला। आचार्य पंडित उमाशंकर पांडेय ने बताया कि माता के पांचवें रूप स्कंदमाता की पंचमी तिथि पर पूजा-अर्चना की जाती है। श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की विधि-विधान से पूजा कर उनसे सद्बुद्धि की कामना करते हुए परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।

**मां के दिव्य दर्शन के लिए उमड़े रहे श्रद्धालु :** मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिरों में मौजूद रहे। मां के दिव्य दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को इंतजार करना पड़ा। मंदिरों में भजन-कीर्तन के जरिए मां को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। साथ ही साथ भजन कीर्तन के बीच मां के जयकारे गूंजते रहे। सर्वप्रथम स्कंदमाता की प्रतिमा स्थापित कर गंगाजल से शुद्धिकरण किया गया। इसके बाद श्रीगणेश, वरुण, नवग्रह, षोडश मातृका (16 देवी), सप्त घृत मातृका (सात सिंदूर की बिंदी लगाकर) की स्थापना की गई। फिर वैदिक एवं सप्तशती मंत्रों द्वारा स्कंदमाता सहित समस्त स्थापित देवताओं की षोड्शोपचार पूजा अर्चना की गई।

# 38 लाख लोगों ने दिया जमीन का ब्योरा 10 हजार गांवों में खतियान लेखन का काम पूरा



**पटना,एजेंसी।** बिहार चल रही जमीन सर्वे अथवा भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया में खतियान लेखन का काम एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अब तक करीब 10 हजार गांवों (9889) में खतियान लेखन का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं, अन्य बचे हुए करीब 25 हजार गांवों या मौजों में खतियान लेखन का काम जारी है, जहां जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा।

जमीन सर्वे में अब तक राज्य भर में करीब 38 लाख लोगों ने अपनी भूमि का ब्योरा दिया है। भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेश जे. प्रियदर्शिनी की अध्यक्षता में शनिवार को हुई समीक्षा बैठक के दौरान ये बातें सामने आईं। निदेशक ने सभी जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों से ऑनलाइन बैठक कर जमीन सर्वे के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान यह बताया गया कि प्रपत्र-2 यानी स्वघोषणा पत्र के जरिए ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों माध्यम से 37 लाख 98 हजार 514 (लगभग 38 लाख) आवेदन मिले हैं।

सभी जिलों को मिलाकर कुल 15.55 लाख रैयतों ने अपने कागजात को ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट पर अपलोड किया है। वहीं, 19.93 लाख आवेदन ऐसे हैं, जो सर्वे शिविरों में ऑफलाइन मोड में प्राप्त हुए हैं। सर्वे कर्मियों ने इन्हें वेबसाइट पर अपलोड कर ऑनलाइन कर दिया है। सभी शिविरों में ऑफलाइन माध्यम से 2.49 लाख आवेदन ऐसे हैं, जिन्हें ऑनलाइन करना बाकी है।

सर्वाधिक 3.93 लाख प्रपत्र-2 रोहतास जिले से प्राप्त हुए हैं, जबकि गया जिला 2.95 लाख स्वघोषणा के साथ दूसरे नंबर पर है।

भोजपुर जिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से सबसे कम महज 33 हजार 355 स्वघोषणा फॉर्म ही प्राप्त हुए हैं। पूर्वी चंपारण इस मामले में 34, 594 स्वघोषणा के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर है। सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि वे ज्यादा से ज्यादा रैयतों से संपर्क कर उन्हें स्वघोषणा पत्र अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करें।

